Saturday August 13 2022 10:41:36

Online News
www.samacharvarta.com
हर खबर पर नजर
09654446699
Info@samacharvarta.com
समाचार वार्ता
हिन्दी मासिक पत्रिका

MENU

विशेष (12/08/20

अमेरिका के ऑबर्न यूनिवर्सिटी के गणमान्य सदस्यों ने किया केआर मंगलम विश्वविद्यालय का दौरा

अमेरिका के अलबामा प्रान्त के शिक्षा और शोध में सुप्रसिद्ध ऑबर्न यूनिवर्सिटी के गणमान्य सदस्यों ने आज केआर मंगलम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय अनुरूप दोनों संस्थाओं के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के आपसी सहयोग, उन्नयन एवं संवर्धन के लिए का दौरा किया। इस सहयोग के उपरांत ऑबर्न यूनिवर्सिटी के प्रोवोस्ट डॉ रॉयरिक्करस कूक और वहां के हैरिसन फार्मेसी कॉलेज के प्रो. मुरली धनशेकरण ने प्रसन्नता और आभार व्यक्त करते हुए कहा
कि ऐसे कार्यकर्म के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी और शिक्षक लाभान्वित होंगे। गुडगाँव के केआर मंगलम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सी एस दुबे ने बताया कि इस कार्यकर्म का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और पूर्व में चल रहे दुसरे अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के जैसे ऑबर्न यूनिवर्सिटी के साथ भी जल्दी ही अन्त संस्थागत शिक्षण, प्रशिक्षण, विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नयन एवं संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान-प्रदान के विषयों पर अहम् कार्य किया जाएगा। केआर मंगलम विश्वविद्यालय की तरफ से इस कार्यक्रम में समन्वयक के तौर पर अहम् भूमिका निभाने वाले स्कूल ऑफ़ मेडिकल एंड एलाएड साइंसेस के प्रो. अरुण गर्ग ने बताया कि इस तरह के सहयोग के बाद निश्चित तौर पर इस विश्वविद्यालय के स्नातक और परास्नातक छात्र सहित शोध वैज्ञानिक और शिक्षक के बीच नियमित रूप से विषय विशेषज्ञ ऑनलाइन संगोष्ठियों, सम्मेलनों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों कार्यशालाओं का समय-समय पर आयोजन के साथ साथ विभिन्न शोध गतिविधि, स्किल डेवेलोपमेंट और संयुक्त रूप से शोध परियोजनाओं और पब्लिकेशन में एक दूसरे का सहयोग अब और बढ़ेगा. इस कार्यक्रम में अनुमोदित शैक्षणिक दौरे के दौरान छात्रों, शोधार्थीयों और शिक्षकों को बिना किसी अतरिक्त वित्तीय खर्च के एक दूसरे के यहां रह कर फार्मेसी, मनेजमेंट, साइंस, ह्यूमैनिटी और जर्नालिस्म सहित सभी विषयों में ट्रेनिंग, पढाई, प्रोजेक्ट और क्रेडिट ट्रान्सफर सहजता के साथ करने के ऊपर भी चर्चा और रुपरेखा तैयार की गयी
ब्यूरो चीफ विजय गौड़ की विशेष रिपोर्ट

Site Map :-

होम
राष्ट्रीय
अन्तरराष्ट्रीय
अपराध
बिज़नेस
मनोरंजन
स्वास्थ्य
विशेष
खेल
वीडियो
फोटो गैलरी
संपर्क करें

Electronic Media :-

Field Reporter
In_Put
Online News
Out_Put
Print Media

Admin

Follow Us :-

Contact Us :-

Address : Samacharvarta S 203, Siddharth Palace, Chander Nagar, Sur Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh 2010

Contact No. : +91 9654446699

Email : info@samacharvarta.com, samacharvarta@gmail.com

Copyright @ 2019.

Design By Dass Info